प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 18.12.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

- राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी आज रांची में 72 चिकित्सकों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र, सरकार का स्वास्थ्य सुविधा बढ़ाने पर जोर।
- राज्य में भाजपा के सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया तेज, गिरिडीह और जमशेदपुर समेत कई जिलों में जिला अध्यक्ष चयन को लेकर हुई रायशुमारी।
- सीआरपीएफ के डीजी ने की नक्सल विरोधी अभियान की समीक्षा, राज्य में शेष बचे नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर बनी विशेष रणनीति।
- मौसम विभाग ने आज पांच जिलों में शीतलहर का जारी किया येलो अलर्ट, रांची में घने कोहरे के कारण हवाई सेवा प्रभावित, तीन उड़ाने रद्द, कई विमान देरी से पहुंचे।
- 69वीं राष्ट्रीय स्कूली अंडर–17 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, ओबामी मुर्मू ने लॉन्ग जंप स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक।

**********************

राज्य सरकार संविदा पर नियुक्त 72 चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र सौंपेगी। रांची के नामकोम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान में आयोजित समारोह में स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी और विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की मौजूदगी में नवनियुक्त चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र सौंपा जायेगा। इनमें 37 स्पेशलिस्ट मेडिकल आफिसर और 35 मेडिकल ऑफिसर शामिल हैं।

**********************

भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया तेज कर दी है। इस कड़ी में गिरिडीह और जमशेदपुर समेत कई जिलों में अध्यक्ष चयन को लेकर रायशुमारी की गयी। गिरिडीह जिले में चुनाव अधिकारी शशि भूषण भगत, पर्यवेक्षक पूर्व विधायक अन्नत ओझा और अरुण झा ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर उनकी राय जानी। जिले के ग्रामीण और महानगर अध्यक्ष के लिए आधे दर्जन नामों पर विचार किया गया। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री ओझा ने बताया कि रायशुमारी को काफी साकारात्मक बताया।

**********************

धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने केंदुआडीह में गैस रिसाव स्थल का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बोरिंग कर नाइट्रोजन डालने की प्रक्रिया का निरीक्षण किया और सिम्फर विज्ञानिकों व अन्य लोगों से बातचीत की। विधायक ने कहा कि वैज्ञानिकों ने आश्वस्त किया है कि जल्द ही गैस पर काबू पा लिया जायेगा।

**********************

विकसित भारत–जी–राम–जी विधेयक का पूरे झारखंड में व्यापक स्वागत हो रहा है। दुमका प्रखंड की दुधानी पंचायत के सचिव नंदन कुमार ने कहा कि जी राम जी में मजदूरों के मुआवजे की प्रक्रिया भी सरल की गई है और उनकी सामाजिक सुरक्षा के दायरे को भी बढ़ाया गया है।

**********************

सीआरपीएफ के डीजी जीपी सिंह ने राज्य में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में की समीक्षा। बैठक में चाईबासा सहित अन्य इलाकों में हाल के दिनों में सुरक्षा बलों द्वारा नक्सलियों के खिलाफ की गयी कार्रवाई की जानकारी ली गयी। इस दौरान राज्य में शेष बचे नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर विशेष रणनीति तैयार की गयी।

**********************

प्रवर्तन निदेशालय– इडी ने पीएमएलए के तहत चिटफंड कंपनी मेसर्स मैक्सीजोन टच प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक चन्द्रभूषण सिंह और उनकी पत्नी प्रियंका सिंह को गिरफ्तार किया है। इडी के अधिकारियों के अनुसार आरोपियों को सार्वजनिक धन के गबन से जुड़े एक बड़े वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया गया है। उन पर 307 करोड़ के गबन का आरोप है।

**********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

**********************

दुमका पुलिस ने बहुचर्चित हंसडीहा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में कीमती उपकरणों की चोरी का मामला सुलझा लिया है। पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरबार ने बताया कि भारी भरकम राशि से क्रय किए गये इन स्वास्थ्य उपकरणों को चोरों ने उड़ाकर कबाड़ी के भाव बेच दिया था। इस मामले में गोड्डा से एक कबाड़ी कारोबारी और पाकुड़ से इसमें शामिल चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

दुमका के तलझारी थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या के मामले में भी पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें तीन दुमका के और एक देवघर जिले का रहने वाला है।

**********************

सरायकेला—खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र में टाटा—कांड्रा मुख्य मार्ग पर टूल रूम के समीप कल रात एक अनियंत्रित ट्रेलर ने दो वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। इससे तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर ट्रेलर जब्त कर लिया है।

**********************

पाकुड़ जिले में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की राशि से  सरकारी विद्यालयों का कायाकल्प होगा।

**********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में ठंड के साथ—साथ कोहरे का भी प्रकोप बढ़ता जा रहा है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने आज भी पांच जिलों गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग और लातेहार में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है। इधर, घने कोहरे के कारण हवाई सेवा भी प्रभावित हुई है। कल रांची से कोलकाता जाने वाली तीन उड़ाने रद्द कर दी गयीं। इसके अलावा कई अन्य विमान भी देर से उड़ान भर सकीं और कई विमान देर से रांची पहुंचे।

**********************

लखनऊ में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूली अंडर—17 एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतिम दिन झारखंड की खिलाड़ी ओबामी मुर्मू ने लॉन्ग जंप स्पर्धा में 5.60 मीटर की बेहतरीन छलांग लगाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों और इकाइयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

**********************

<u>अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने जेबीवीएनएल की ऑडिट रिपोर्ट में सिक्योरिटी मनी और ब्याज में बरती गयी अनियमितता की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है— जेबीवीएनएल की ऑडिट रिपोर्ट में खुलासा, ग्राहकों से लिए गये सिक्योरिटी डिपॉजिट के 21 करोड़ 51 लाख रुपये का कोई हिसाब नहीं।

हिन्दुस्तान ने झारखंड हाईकोर्ट के हवाले से लिखा है— हाट लगाने को जमानत राशि जरुरी।

प्रभात खबर की सुर्खी है— विद्यालय के 500 वर्ग फीट के दो कमरों पर 18 लाख रुपये खर्च दिखाया, टाइल्स और वायरिंग का पता नहीं।

दैनिक जागरण के शब्द हैं— चौबे की वजह से फर्जी बैंक गारंटी देने वाली प्लेसमेंट एजेंसियों पर नहीं हुई कार्रवाई।

********************